**KARNATAKA SCHOOL EXAMINATION AND ASSESSMENT BOARD**
**S.S.L.C. MODEL QUESTION PAPER-4-2024-25**
**Subject: Third Language HINDI**

**I. निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार-चार विकल्प सुझाए गये हैं, उनमें से सर्वाधिक उचित विकल्प चुनकर उसके संकेताक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए :** 8x1=8

1. 'ईमान' शब्द का विलोम शब्द है- **(A) बेईमान** (B) ईमानी (C) ईनाम (D) ईमानदारी
2. 'बादशाह' शब्द का स्त्रीलिंग रूप है- (A) राजा (B) रानी **(C) बेगम** (D) सेविका
3. निम्नलिखित शब्दों में से एकवचन शब्द है -(A) लड़के (B) मालाएँ (C) बातें **(D) आँख**
4. 'गणेश' शब्द में संधि है- **(A) गुण** (B) यण् (C) दीर्घ (D) वृद्धि
5. निम्नलिखित में से प्रथम प्रेरणार्थक क्रिया रूप है- (A) चलना (B) चलवाना **(C) चलाना** (D) चाल
6. आज का युग इंटरनेट का युग है। वाक्य में प्रयुक्त विराम चिह्न है-
(A) प्रश्नसूचक (B) विस्मयादिबोधक (C) योजक **(D) पूर्ण विराम**
7. निम्नलिखित में से द्विगु समास का उदाहरण है - (A) राजा-रानी (B) पीतांबर **(C) त्रिधारा** (D) ताजमहल
8. 'पौ फटना' मुहावरे का अर्थ है- **(A) प्रभात होना** (B) शाम होना (C) इस्तेमाल होना (D) भाग जाना

**II. निम्नलिखित प्रथम दो शब्दों के सूचित संबंधों के अनुरूप तीसरे शब्द का संबंधित शब्द लिखिए :** 4 x 1 = 4

9. सेब बेचनेवाला : बेईमान निकला :: रेवड़ियाँ बेचनेवाला :**ईमानदार निकला**
10. जैनुलाबदीन: आशियम्मा ::जलालुद्दीन: **जोहरा**
11. ई-हैकिंग :अभिशाप ::ई-गवर्नेन्स : **वरदान**
12. तुलसीदास: रामभक्त कवि ::सूरदास : **कृष्णभक्त कवि**

**III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक पूर्ण वाक्य में लिखिए :** 4 x 1 = 4

13. बसंत और प्रताप कहाँ रहते थे ?
**उत्तर:** बसंत और प्रताप अहीर टीले में भीखू अहीर के घर में रहते थे।
14. समय किसका दिया हुआ अनुपम धन है ?
**उत्तर:** समय ईश का दिया हुआ अनुपम धन है।
15. आई० टी० ई० एस० का विस्तृत रूप क्या है ?
**उत्तर:** आई.टी.ई.एस. का विस्तृत रूप है – "इनफारमेशन टैक्नोलजी एनेबल्ड सर्विसेस।"
16. आज की दुनिया कैसी है ?
**उत्तर:** आज की दुनिया विचित्र और नवीन है।

**IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए :** 8 x 2 = 16

17. 'मातृभूमि' कविता में भारत माता का स्वरूप कैसे वर्णित है ?
**उत्तर:** मातृभूमि अमरों की जननी है। भारत माता के एक हाथ में न्याय पताका है, जो न्याय का प्रतीक है। दूसरे हाथ में ज्ञान का दीप है, जो ज्ञान का प्रतीक है। भारत माता न्याय तथा ज्ञान द्वारा बच्चों का मार्गदर्शन कर रही है। इस प्रकार भारत माँ का स्वरूप सुशोभित है।
18. मनुष्य के लिए सुख की प्राप्ति कब संभव है ?
**उत्तर:** मनुष्य को हमेशा उद्योगी होना चाहिए। अगर वह परिश्रमी रहे, समय को न गँवाकर उसका सदुपयोग करे तब उसे सुख की प्राप्ति संभव है।

19. बसंत के पैर देखकर डाक्टर ने क्या कहा ?

**उत्तर:** बसंत के पैर देखकर डाक्टर ने कहा कि, पंडितजी! ऐसा लगता है कि पैर की हड्डी टूट गयी है। स्क्रीन करके देखना होगा दूसरा पैर ठीक है, पर इसे अभी अस्पताल ले जाना चाहीए।

20. कलाम जी का बचपन बड़ी निश्चिंतता और सादगी में बीता, कैसे ?

**उत्तर:** अब्दुल कलाम के पिता आडंबरहीन व्यक्ति थे और सभी अनावश्यक एवं ऐशो-आराम वाली चीजों से दूर रहते थे। घर पर सभी आवश्यक चीजे समुचित मात्रा में सरलता से उपलब्ध थीं। इसलिए कलाम का बचपन निश्चिंतता और सादगी में बीता।

21. दुकानदार ने सेब का वर्णन कैसे किया ?

**उत्तर:** दुकानदार ने सेब का वर्णन इस प्रकार करता है, "बाबूजी, बड़े मजेदार सेब आए हैं, खास कश्मीर के। आप ले जाएँ, खाकर तबीयत खुश हो जायेगी।"

22. लालिम और किंचा लालीदाम जंगल की ओर क्यों चल पड़े ?

**उत्तर:** किन्द्रू लालिम और किंचा लालीदाम ने तय किया था कि वे भी मकान बनाएंगे। लेकिन वे नहीं जानते थे कि मकान कैसे बनाया जाता है। इसलिए वे पशुओं से पूछ-ताछ करने जंगल की ओर चल पड़े।

23. शनि सौर-मंडल का सबसे सुंदर ग्रह है। कैसे ? **[अथवा]** शनि का वातावरण कैसे बना हुआ है ?

**उत्तर:** प्रकृति ने शनि ग्रह के गले में सुंदर हार डाल दिया है। इस ग्रह के चारों ओर वलय दिखाई देते हैं, इन वलयों के कारण यह सौरमंडल का सबसे सुंदर ग्रह है।

**[अथवा]**

**उत्तर:** शनि का वातावरण  हाईड्रोजन, हीलियम , मीथेन तथा एमोनिया गैसों से बना हुआ हैं ।

24. सत्य का स्वरूप कैसा होता है ? **[अथवा]** अन्वर ने मीना मैडम से क्या कहा ?

**उत्तर:**  सत्य का स्वरूप दृष्टि का प्रतिबिंब, ज्ञान की प्रतिलिपि और आत्मा की वाणी ही है ।

**[अथवा]**

**उत्तर:** अन्वर ने मीना मैडम से कहा कि समस्त देशवासियों के प्रति भाई-चारे का भाव रखना और जाति, धर्म, भाषा, प्रदेश, वर्ग पर आधारित सभी भेद-भावों से दूर रहना चाहिए ।

**V. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखिए :** 9 x 3 = 27

25. बालकृष्ण अपनी माता से बलराम के बारे में क्या-क्या शिकायतें करता है ?

**उत्तर:** बालकृष्ण अपनी माता से बलराम के बारे में शिकायतें करता है कि भाई मुझे बहुत चिढ़ाता है। कहता है कि तुम्हे यशोदा माता ने जन्म नहीं दिया है। वह यह भी कहता है कि नंद और यशोदा तो गोरे हैं, लेकिन तुम तो काले हो।

26. प्रकृति पर सर्वत्र है विजयी पुरुष आसीन इस पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए ।

**उत्तर:** आज मनुष्य ने अपनी बुद्धि और सामर्थ्य का उपयोग करके प्रकृति के सभी क्षेत्रों में (आकाश, पाताल, धरती) विजय प्राप्त कर ली है। विजयी पुरुष प्रकृति पर आसीन है। प्रकृति को विकृत कर दिया है। प्रकृति के सहज स्वरूप को असहज स्वरूप बना दिया है।

27. धीरज सक्सेना को बुद्धिमान रोबोट की जरूरत क्यों थी ?

**उत्तर:** घरेलू कामकाज के साथ-साथ नाती-पोतों का होमवर्क कराने के लिए एवं वर्ड प्रोसेसर पर उनका काम सँभालने के लिए धीरज सक्सेना को एक बुद्धिमान रोबोट की जरूरत थी।

28. लेखक ने कमरा छोड़कर जाने का निर्णय क्यों लिया ?

**उत्तर:** लेखक ने कमरा छोडकर सीधा स्टेशन जाने का निर्णय लिया क्यों कि चीजें तो सब चुरा ली गयीं थी। ताला तक चोरी में चला गया था। अब लेखक ही बचे थे। वह सोचते हैं कि – अगर वह रुके तो वह भी चुरा लिया जायेंगे।

29. गिल्लू के अंतिम दिन का वर्णन कीजिए ।

**उत्तर:** गिलहरी के जीवन की अवधि दो वर्ष से अधिक नहीं होती। अतः गिल्लू की जीवन-यात्रा का अंत आ ही गया था। दिन भर उसने न कुछ खाया, न बाहर गया। पंजे इतने ठंडे हो गए थे कि हीटर जलाकर उसे उष्णता देने का प्रयत्न किया। परन्तु प्रभात की प्रथम किरण के साथ ही वह चिर निद्रा में सो गया।

30. गाँव को आदर्श गाँव कैसे बनाया जा सकता है ?

**उत्तर:** गाँव की नियमित साफ़ सफाई करके गंदगी को दूर करना चाहिए। गाँव को हरा-भरा रखना चाहिए। गाँव का कूडा एक निश्चित जगह पर डालना चाहिए। स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक बनाना चाहिए। इस तरह गाँव को 'आदर्श गाँव' बना सकते हैं।

31. बचेन्द्री ने पहाड़ पर चढ़ने की तैयारी किस प्रकार की ?

**उत्तर:** बिछेंद्री पाल ने पर्वतारोहण का प्रशिक्षण लिया । उन्होंने कालानाग और गंगोत्री ग्लेशियर की चढ़ाई की। रूड गेरो पर्वत की चढ़ाई की जिससे उनमें आत्मविश्वास और बढ़ गया । अगस्त 1983 में दिल्ली में हिमालय पर्वतारोहियों के सम्मेलन में पहली बार तेनसिंग नोर्गे और जुंके ताबी से मिली और उनसे प्रभावित हुई।

**32. निम्नलिखित दोहे का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए :** तुलसी साथी विपत्ति के, विद्या विनय विवेक ।
साहस सुकृति सुसत्यव्रत, राम भरोसो एक ।।

**उत्तर:** <u>**भावार्थ :-**</u> प्रस्तुत दोहे में तुलसीदास जी कहते हैं कि – मनुष्य पर जब विपत्ति पड़ती है तब विद्या, विनय, विवेक, साहस, सुकृति, सुसत्यव्रत और राम पर भरोसा उसका साथ निभाते हैं ।

**33. निम्नलिखित वाक्य का अनुवाद कन्नड या अंग्रेजी भाषा में कीजिए:**

सत्य की महिमा अपार है। सत्य महान् और परम शक्तिशाली है। अतः हमें हर स्थिति में सत्य बोलने और पालन करने का अभ्यास करना चाहिए ।

**उत्तर:** ಸತ್ಯದ ಮಹಿಮೆ ಅಪಾರ. ಸತ್ಯವು ಶ್ರೇಷ್ಠ ಮತ್ತು ಶಕ್ತಿಯುತವಾಗಿದೆ. ಆದ್ದರಿಂದ, ನಾವು ಪ್ರತಿಯೊಂದು ಸಂದರ್ಭದಲ್ಲೂ ಸತ್ಯವನ್ನು ಮಾತನಾಡಲು ಮತ್ತು ಅನುಸರಿಸಲು ಅಭ್ಯಾಸ ಮಾಡಬೇಕು.

**VI. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पाँच-छः वाक्यों में लिखिए : 2×4=8**

34. कर्नाटक के प्राकृतिक सौंदर्य का वर्णन कीजिए । **[अथवा]** कर्नाटक की शिल्पकला और वास्तुकला का परिचय दीजिए ।

**उत्तर:** कर्नाटक की प्राकृतिक सुंदरता नयन मनोहर है। प्रकृतिमाता ने कर्नाटक राज्य को अपने हाथों से सँवारकर सुंदर और समृद्ध बनाया है। पश्चिम में विशाल अरबी समुद्र है। इस प्रांत के दक्षिण से उत्तर के छोर तक लंबी पर्वतमालाएँ फैली हुयी हैं। ये पश्चिमी घाट कहलाती हैं। इन्हीं घाटों का कुछ भाग सह्याद्रि कहलाता है। दक्षिण में नीलगिरी की पर्वतमालाएँ शोभायमान हैं।

**[अथवा]**

**उत्तर:** कर्नाटक राज्य की शिल्पकला अनोखी है। बादामी, ऐहोले, पट्टदकल्लू में जो मन्दिर है उनकी शिल्पकला और वास्तुकला अद्भुत है। बेलूर, हलेबीडू, सोमनाथपुर के मंदिरों में जो पत्थर की जो मूर्तियाँ हैं, वे सजीव लगती हैं। श्रवणबेलगोल में 57 फूट ऊँची गोमटेश्वर की एक शिला प्रतिमा है जो दुनिया में त्याग और शांति का संदेश दे रही है।

**35. निम्नलिखित कवितांश पूर्ण कीजिए:**

असफलता ………………..
…………………भागो तुम ।

**उत्तर:** असफलता एक चुनौती है, इसे स्वीकार करो,
क्या कमी रह गई, देखो और सुधार करो ।
जब तक न सफल हो, नींद चैन को त्यागो तुम,
संघर्ष का मैदान छोड़कर मत भागो तुम ।

**VII. गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 4×1=4**

36. चंद्रयान-3 भारत का महत्वाकांक्षी और सफल चंद्र मिशन है। चंद्रयान-3 को 14 जुलाई 2023 को दोपहर 2.35 बजे भारत के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से उड़ाया गया। दक्षिणी ध्रुव चंद्रमा की सतह पर सॉफ्ट लैंडिंग करने का भारत का सफल प्रयास है। चंद्रमा के इस हिस्से तक पहुँचनेवाला अब तक भारत एकमात्र देश है। इस महान सफलता के कारण प्रत्येक वर्ष 23 अगस्त को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के रूप में मनाते हैं।

(अ) चंद्रयान-3 को किस अंतरिक्ष केंद्र से उड़ाया गया था ? (आ) चंद्रयान-3 क्या है ?

(इ) चंद्रमा की दक्षिणी ध्रुव पर पहुँचनेवाला एकमात्र देश कौन-सा है ? (ई) 'राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस' कब मनाया जाता है ?

**उत्तर: अ)** चंद्रयान-3 को भारत के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से से उड़ाया गया था।

**उत्तर: आ)** चंद्रयान-3 भारत का महत्वाकांक्षी और सफल चंद्र मिशन है।

**उत्तर: इ)** चंद्रमा की दक्षिणी ध्रुव पर पहुँचनेवाला एकमात्र देश भारत है।

**उत्तर: ई)** 23 अगस्त को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाया जाता है।

**VIII. दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर 12-15 वाक्यों में किसी एक विषय के बारे में निबंध लिखिए : 1 x 4 = 4**

| 37. (क) इंटरनेट एक वरदान | (ख) पर्यटन का महत्व | (ग) जनसंख्या की समस्या |
|---|---|---|
| * प्रस्तावना | * प्रस्तावना | * प्रस्तावना |
| * इंटरनेट का महत्व | * पर्यटन का अर्थ और लाभ | * जनसंख्या वृद्धि के कारण और परिणाम |
| * इंटरनेट से लाभ | * पर्याटन-एक शौक | * नियंत्रण के उपाय |
| * उपसंहार । | * उपसंहार । | * उपसंहार । |

**उत्तर:**

**(क) इंटरनेट**

**विषय प्रवेश :** इंटरनेट का अर्थ है अनगिनत कंप्यूटरों का एक दूसरे कंप्यूटरों के साथ संपर्क जोड़नेवाला जाल।

**लाभ :** इंटरनेट के द्वारा घर बैठे-बैठे खरीदारी कर सकते हैं । कोई भी बिल भर सकते हैं । इंटरनेट बैंकिंग द्वारा दुनिया के किसी भी कोने में जितनी भी चाहे रकम भेजी जा सकती है। सचित्र संभाषण किया जा सकता है । सोशियल नेटवर्किंग द्वारा दुनिया के किसी भी देश के रहन-सहन, वेश-भूषा की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। मुक्त संभाषण भी संभव है।

**हानियाँ :** इंटरनेट की वजह से पैरसी, बैंकिंग फ्रॉड, हैकिंग आदि बढ़ रही है । मुक्त वेबसाइट से चैटिंग आदि से युवा पीढ़ी इंटरनेट के कबंध बाहों के पाश में फंसी हुई हैं । इंटरनेट की वजह से अनुपयुक्त जानकारी हासिल कर रहे हैं।

उपसंहार : इंटरनेट एक ओर वरदान है तो, दूसरी ओर अभिशाप भी है। इसलिए छोटे बच्चों से लेकर बड़े - बूढ़ों तक सचेत रहना चाहिए।

**(ग) जनसंख्या की समस्या**

**प्रस्तावना / विषय प्रवेश :**-बढ़ती जनसंख्या की समस्या सामान्य रूप से विश्व की समस्या है। भारत को बढ़ती हुई जनसंख्या का सामना करना पड़ रहा है। दुनियाँ की 17% आबादी भारत में रहती है। जनसंख्या की दृष्टि से भारत विश्व में दूसरे स्थान पर है।

**जनसंख्या में वृद्धि के कारण :**विज्ञान की उन्नति के साथ चिकित्सा एवं स्वास्थ्य की सुविधाओं में उन्नति हुई है।विभिन्न बीमारियों के लिए इलाज और उपचार शोध किये गये हैं। फलतः जन्म लेनेवाले शिशुओं और रोगियों की मृत्युदर में कमी हुई है तथा औसत आयु में वृद्धि हुई है| अशिक्षित और गरीब वर्ग के लोगों के अज्ञान के कारण जनसंख्या मेंवृद्धि ।धार्मिक श्रद्धा के कारण जन्मनियंत्रण विधियोंऔर परिवार नियोजन विधियों को नहीं अपनाना।

**जनसंख्या विस्फोट के दुष्परिणाम** :बढ़ती हुई जनसंख्या के कारण देश की प्रगति कुंठित होती है। वस्तुओं के मूल्य में वृद्धि और दिन प्रतिदिन महंगाई बढ़ रही है । बेकारी और बेरोज़गारी की वजह से अपराधों में वृद्धि हुई है । पर्यावरण प्रदूषण की समस्या उत्पन्न हुई है।

**भारत में जनसंख्या नियंत्रण के लिए उठाए गए कदम** :सरकार ने पुरुषों के लिए न्यूनतम विवाह योग्य आयु 21वर्ष और महिलाओं के लिए18वर्ष तय की है।दत्तक ग्रहण को बढ़ावा दिया गया है सरकार द्वारा बच्चों को गोद लेने को भी बढ़ावा दे दिया गया है। सरकार तथा सामाजिक संस्थाओं ने सभाओं,गोष्टीओं, संचार माध्यमों द्वारा छोटे परिवार से होनेवाले फ़ायदे का प्रचार व प्रसार किया है।

**उपसंहार** :भारत में बढ़ती जनसंख्या गंभीर चिंता का विषय है। हालांकि सरकार ने इस पर नियंत्रण रखने के लिए बहुत सारे कदम उठाए हैं, लेकिन यह नियंत्रण पर्याप्त प्रभावी नहीं है। इस समस्या को रोकने के लिए कई अन्य उपाय किए जाने की आवश्यकता है।

**IX. निम्नलिखित विषय के बारे में पत्र लिखिए :** **1 x 5 = 5**

38. तीन दिन की छुट्टी माँगते हुए अपने प्रधानाध्यापक जी को एक पत्र लिखिए ।

**[अथवा]**

शैक्षिक प्रवास जाने के लिए 3,000 रुपए भेजने की विनती करते हुए पिताजी को पत्र लिखिए ।

**उत्तर:** **छुट्टि पत्र**

**प्रेषक,** दिनांक: 12-02-2025

महबूब बाषा एम
दसवीं कक्षा
सरकारी हाईस्कूल
एस.आर.कालोनी
बल्लारी-583101

**सेवा में,**

प्रधानाध्यपक
सरकारी हाईस्कूल
एस.आर.कालोन
बल्लारी-583101

**पूज्य गुरुजी,**

**विषय:** छुट्टी के लिए प्रार्थना पत्र।

उपर्युक्त विषयानुसार आपसे सविनय निवेदन है कि मैं अपने बहन के विवाह में शामिल होने के लिए बेंगलूरु जा रहा हूँ। इसलिए आप दिनांक 12-02-2025 से 14-02-2025 तक तीन दिनों की छुट्टी देने की कृपा करें।

**“धन्यवाद के साथ”**

आपका आज्ञाकारी छात्र
[ महबूब बाषा एम ]